आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.07.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के बीच अवशेष आस्तियों व दायित्वों के मामलों की समीक्षा की।
- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की के बीच विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों में शत–प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू करने के निर्देश दिए।
- टिहरी जिले के ताछिला में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, तीन कांवड़ियों की मृत्यु।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के बीच अवशेष आस्तियों व दायित्वों के मामलों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन प्रकरणों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्यवाही गतिमान है, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए। श्री धामी ने कहा कि वे इस संबंध में जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे।
गौरतबल है कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद उधमसिंहनगर और हरिद्वार जिलों में स्थित जलाशयों–नहरों में वॉटर स्पोर्टस की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विद्युत बिलों के रूप में 57 करोड़ 87 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम द्वारा उत्तराखण्ड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3 करोड़ 98 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वन विकास निगम उत्तराखण्ड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान भी किया गया है। परिवहन निगम की अवशेष राशि का भुगतान किया गया जा चुका है। इसके अलावा आवास विभाग के तहत आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों के निस्तारण का भी निर्णय हुआ है।

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण– सीईए और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी रुड़की ने विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान, योजना, नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य आईआईटी रुड़की की शैक्षणिक और शोध क्षमताओं को सीईए की तकनीकी और विनियामक विशेषज्ञता के साथ समन्वित करना है, ताकि विद्युत क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया जा सके। दोनों संस्थान विद्युत प्रणाली नियोजन, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, ग्रिड विश्वसनीयता और ऊर्जा भंडारण पर केंद्रित संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में सहयोग करेंगे। इसके अलावा विद्युत प्रणाली विश्लेषण और दीर्घकालिक नियोजन के लिए तकनीकी उपकरण और सॉफ्टवेयर विकसित करेंगे। इस अवसर पर सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन भारत की ऊर्जा अवसंरचना को मजबूत करने के साथ ही राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वच्छ, अधिक विश्वसनीय और आत्मनिर्भर विद्युत प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री / कांवड़ यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान करोड़ों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते हैं। उनकी धार्मिक भावनाओं और आस्था का सम्मान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को शुद्ध, सात्विक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो, इसके लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

बैठक

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में सीवर और पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर आज देहरादून में जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष तौर पर पेयजल संकट, सीवर लाइनों की स्थिति और पुराने सिस्टम के जीर्णोद्धार पर चर्चा की गई। श्री जोशी ने सभी योजनाओं को दीर्घकालिक और स्थायी समाधान के रूप में विकसित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को भविष्य में भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रस्तावित सीवर योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों में शत–प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सचिवों को अपने–अपने विभागों के अंतर्गत शत–प्रतिशत ई–ऑफिस शीघ्र लागू किए जाने के निर्देश दोहराए। साथ ही जिला स्तरीय कार्यालयों को भी शीघ्र ई–ऑफिस पर शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज सचिवालय में सचिव समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने राज्य व जनहित से जुड़ी योजनाओं सहित राज्य सरकार के कर्मियों की समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा करते हुए विभिन्न दिशा निर्देश दिए। श्री बर्द्धन ने सभी सचिवों को विभागों के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों के लिए ई–डीपीआर मॉड्यूल को लागू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई–डीपीआर का क्रियान्वयन और निगरानी को शत–प्रतिशत रूप से ऑनलाइन करने को कहा। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को अपने विभागों के तहत केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की लगातार समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए।

दुर्घटना मृत्यु

टिहरी जिले में आज ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ़कोट के पास ताछिला में कांवड़ यात्रियों को ले जा रहे एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन कांवड़ियों की मृत्यु हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को ट्रक से निकालकर नरेंद्रनगर अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। सभी कांवड़िए उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए घायलों को हरसंभव उपचार देने के निर्देश दिए हैं। उधर, चमोली जिले में पुरसाड़ी के निकट आज एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 सेवा की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस बीच, रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर में गत 26 जून को हुई बस दुर्घटना में लापता चल रहे यात्रियों में से एक का शव आज कीर्तिनगर स्थित श्रीनगर डैम से बरामद हुआ। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है, जबकि पांच लोग अब भी लापता हैं। पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें अन्य लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं।

पंचायत चुनाव नामांकन

प्रदेश में हरिद्वार को छोड़कर शेष जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बागेश्वर जिले के ब्लॉक सभागार में नामांकन के पहले दिन ही कई प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। रिटर्निंग अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि 16 न्याय पंचायतों के लिए कुल 16 टेबल लगाई गई हैं।

उधर, पौड़ी जिले में नामांकन के पहले दिन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल सात प्रत्याशियों ने अपने नामांकन किए। गौरतलब है कि दो चरणों में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए पांच जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। सात से 9 जुलाई तक इनकी जांच की जाएगी। 10 और 11 जुलाई को नाम वापसी की जा सकेगी। 31 जुलाई को दोनों चरणों की मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी।